Government of **Western Australia**
Department of **Water and Environmental Regulation**

AUSTRALIAN RETAIL COUNCIL

डिस्पोजेबल प्लास्टिक टेकअवे कंटेनर

2024 तक, WA में प्रति वर्ष 130 मिलियन से भी अधिक प्लास्टिक के ढक्कन इस्तेमाल किए गए थे। इनमें से अधिकतर तो कूड़े के ढेर में बिखरे रहेंगे या रीसाइक्लिंग को दूषित करेंगे। इस प्रभाव को कम करने के लिए, WA सरकार ने टेकअवे और डाइन-इन फ़ूड के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के ढक्कनों और कंटेनरों पर प्रतिबंध लगाया है।

1 सितंबर 2024 को, WA में डिस्पोजेबल प्लास्टिक टेकअवे फूड कंटेनरों और उनके ढक्कनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

पहले से पैकेज किया हुआ या पहले से पैक किया हुआ या अन्य

हालाँकि WA में अब अधिकतर प्लास्टिक टेकअवे फ़ूड कंटेनरों और ढक्कनों पर प्रतिबंध लगाया गया है, लेकिन कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में उन्हें इस्तेमाल किया जा सकता है। व्यवसायों को प्रतिबंध को सही तरीके से समझने की जरूरत है। नियमों की अनुपालना नहीं किए जाने पर जुर्माना भरना पड़ सकता है।

पहले से पैकेज किया हुआ

आपके स्टोर पर पहुँचने से पहले ही पैकेज और सीलबंद किया गया फ़ूड, जिसे बेचने से पहले पैकेज से बाहर निकाला नहीं जाता है।

उदाहरणों में ये चीज़ें शामिल हैं:

- सप्लायर से प्राप्त पैकेज्ड फ़ूड
- सीलबंद ड्रिंक्स/कैन
- फैक्ट्री में पैक किया गया फ़ूड

प्लास्टिक के कंटेनर और ढक्कन प्रतिबंधित नहीं हैं।

पहले से पैक किया हुआ

स्टोर में पैक किया गया और बेचने या सप्लाई करने से पहले डिस्प्ले में रखा गया फ़ूड।

उदाहरणों में ये चीज़ें शामिल हैं:

- स्टोर में पैक और डिस्प्ले में रखा हुआ सुशी, सलाद या पास्ता
- डिस्प्ले फ्रिज में रखा हुआ फ़ूड
- ग्रैब एंड गो के उद्देश्य से पहले से पैक किया हुआ फ़ूड

प्लास्टिक के कंटेनर प्रतिबंधित हैं लेकिन ढक्कन प्लास्टिक के हो सकते हैं।

अन्य

अधिकतर टेकअवे या डाइन-इन फ़ूड न तो पहले से पैकेज किए हुए और न ही पहले से पैक किए हुए होते हैं।

उदाहरणों में ये चीज़ें शामिल हैं:

- ग्राहक के ऑर्डर करने या चुनने के बाद पैक किया गया फ़ूड
- ऑर्डर के अनुसार बनाया गया फ़ूड
- सेल्फ-सर्व स्टेशन
- डिलीवरी ऑर्डर

प्लास्टिक के कंटेनर और प्लास्टिक के ढक्कन प्रतिबंधित हैं।

इसे याद रखें: प्लास्टिक या बायोप्लास्टिक लाइनिंग वाले फाइबर-बेस्ड कंटेनरों और ढक्कनों को ऑस्ट्रेलियाई मानकों के अनुसार कम्पोस्टेबल प्रमाणित होने की आवश्यकता है।

क्या यह टेकअवे या ईट-इन फ़ूड है?

जिन चीज़ों को टेकअवे फ़ूड नहीं माना जा सकता है (और जिन पर प्रतिबंध लगने की संभावना नहीं है) उनमें ये शामिल हैं:

- ऐसी फ़ूड सामग्री जिसे आम तौर पर किसी घटक या अवयव के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जब तक कि यह टेकअवे/ईट-इन मील ऑफ़रिंग का हिस्सा न हो (जैसे कि, बोतल में बेचे जाने वाला सॉस टेकअवे फ़ूड नहीं है, लेकिन चिप्स के साथ मिलने वाला सॉस टेकअवे फ़ूड है)।
- ऐसा फ़ूड जिसे खाने से पहले और तैयारी, ठंडा या गर्म करने की ज़रूरत होती है (उदाहरण के तौर पर घर पर गर्म करने के लिए ठंडा लज़ान्या)।
- ऐसा फ़ूड जिसे आम तौर पर पूरा या एक ही बार में नहीं खाया जाता है। मल्टी-सर्व या फ़ैमिली-साइज़ टेकअवे फ़ूड प्रतिबंधित चीज़ों में शामिल हैं।

Government of **Western Australia**
Department of **Water and Environmental Regulation**

AUSTRALIAN RETAIL COUNCIL

डिस्पोजेबल प्लास्टिक टेकअवे कंटेनर

1 सितंबर 2024 को, WA में डिस्पोजेबल प्लास्टिक टेकअवे फूड कंटेनरों और उनके ढक्कनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया।

अस्थायी छूट शीघ्र ही समाप्त हो रही है

केवल गर्म, द्रवीय खाने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक टेकअवे कंटेनरों को अस्थायी रूप से वर्गीय छूट दी गई थी, ताकि अन्य विकल्पों के बारे में पता लगाने के लिए अतिरिक्त समय मिल सके, लेकिन यह छूट 31 अगस्त 2026 को समाप्त हो जाएगी।

प्लास्टिक टेकअवे कंटेनरों और उनके ढक्कनों को सप्लाई करने वाले सभी व्यवसायों को प्रतिबंध का अनुपालन करने की आवश्यकता है और नियमों की अनुपालना नहीं किए जाने पर जुर्माना भरना पड़ सकता है।

अस्थायी छूट संबंधी नियम

व्यवसायों द्वारा 31 अगस्त 2026 तक अस्थायी रूप से प्लास्टिक फ़ूड कंटेनर या ढक्कन सप्लाई किए जा सकते हैं, बशर्ते टेकअवे फ़ूड छूट की इन दोनों ज़रूरतों को पूरा करता हो:

- **खाना सूप जैसा या द्रवीय है (डाला जा सकता है)**

  और

- **60°C से अधिक तापमान पर परोसा जाता है या 60°C से अधिक तापमान पर दोबारा गर्म करने के लिए बनाया गया है**

अस्थायी रूप से छूट प्राप्त चीज़ों की उदाहरणों में ये शामिल हैं

- गर्म सूप
- लाक्सा
- करी
- ग्रेवी वाली डिश

यदि टेकअवे फ़ूड इन दोनों आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है, तो प्लास्टिक फ़ूड कंटेनर और प्लास्टिक ढक्कन पहले से ही प्रतिबंधित हैं।

ऐसी चीज़ें जो छूट में नहीं आती हैं, उनके उदाहरणों में ये शामिल हैं

- 60°C से कम तापमान वाला फ़ूड
- ऐसा खाना जो द्रवीय या सूप जैसा नहीं है, जैसे चावल, बीन्स, सलाद, या पास्ता
- परिसर में ही खाया गया खाना।
- गर्म या ठंडे ड्रिंक्स

वैकल्पिक

1 सितंबर 2026 से, व्यवसायों को गर्म और सूप जैसे टेकअवे फ़ूड को पैक करने के लिए अन्य विकल्पों का इस्तेमाल करना होगा।

- कुछ अलग प्रकार, आकार, और ढक्कन के इस्तेमाल पर विचार करें जो फ़ूड को परोसने के आपके मौजूदा तरीके से विभिन्न हों।
- यह जाँच लें कि कंटेनर और ढक्कन दोनों ही ऊष्मा और रिसाव प्रतिरोधक के रूप में सही हैं ताकि आपके खाने को सुरक्षित रूप से हैंडल और ट्रांसपोर्ट किया जा सके।
- विभिन्न सप्लायर्स से बात करें और कुछ सैंपल्स का टेस्ट करें, ताकि आप अपने व्यवसाय के लिए सर्वोत्तम समाधान ढूंढ सकें।
- विकल्पों के लिए BanSolutionFinder वेबसाइट देखें: **bansolutionfinder.org**

यह प्रतिबंध इन चीज़ों पर लागू नहीं होता है:

- ऐसे कंटेनर या ढक्कन जो केवल फ़ाइबर से बने हुए हों
- ऐसे कंटेनर या ढक्कन जो प्लास्टिक की कोटिंग के साथ मुख्य रूप से फाइबर से बने हुए हों और जहाँ संपूर्ण चीज़ कम्पोस्टिंग के लिए ऑस्ट्रेलियाई मानकों के अनुसार प्रमाणित होती है।
- ऐसे कंटेनर या ढक्कन जो दीर्घकालिक रूप से धोने और दोबारा इस्तेमाल के लिए डिज़ाइन किए गए हों
- ऐसा फ़ूड जिसे टेकअवे या ईट-इन नहीं माना जाता है, या ऐसा फ़ूड जिसे पहले ही साइट से बाहर पैकज़ किया गया हो।

ऐसा फ़ूड जिसे पहले से पैक किया गया हो और डिस्प्ले में रखा गया हो, उसके लिए प्लास्टिक के ढक्कन इस्तेमाल करने की अनुमति है ताकि ग्राहक उसे देख सकें और चुन सकें, लेकिन यह आवश्यक है कि उसका आधार गैर-प्लास्टिक कंटेनर हो। सेल्फ-सर्व या ऑर्डर अनुसार पैक किए जाने वाले टेकअवे या डाइन-इन फ़ूड के लिए प्लास्टिक के ढक्कन के इस्तेमाल की अनुमति नहीं है।

क्या आप निश्चित नहीं हैं? सलाह-प्राप्ति के लिए हमारी टोलफ्री हॉटलाइन पर संपर्क करें।

WA PLASTICS BAN
व्यापारिक सहभागिता कार्यक्रम

सुझाव और सलाह-प्राप्ति के लिए ऑस्ट्रेलियाई रिटेल परिषद (Australian Retail Council) से संपर्क करें।

और अधिक जानकारी पाने के लिए यहाँ जाएँ
plasticsbanwa.com.au